PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
सोमवार,01,दिसंबर,2025 01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## एसआईआर के मुद्दे पर भाजपा को घेरने की तैयारी

### चुनावी मोड में धड़ाधड़ रैलियां कर रहीं ममता बनर्जी



बंगाल में जारी एसआईआर का ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी द्वारा विरोध किया जा रहा है। हालांकि विरोध के बावजूद एसआईआर की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। ऐसे में अब ममता बनर्जी ने एसआईआर की धार को कुंद करने के लिए जनमत जुटाने का फैसला किया है। इसी के तहत ममता बनर्जी चुनावी मोड में लगातार रैलियां करने जा रही हैं। इस हफ्ते ममता बनर्जी मालदा और मुर्शिदाबाद में विशाल रैलियां करेंगी और फिर अगले हफ्ते कूच बिहार में एक बड़ी रैली को संबोधित कर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश करेंगी।गौरतलब है कि इससे पहले ममता बनर्जी ने बीते हफ्ते बोनगांव में एसआईआर के खिलाफ रैली की थी। यह रैली मतुआ समुदाय के प्रभाव वाले इलाके में की गई, जो एसआईआर को लेकर डरे हुए हैं। रैली के दौरान ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि एसआईआर का इस्तेमाल परिवारों को डराने के लिए किया जा रहा है। टीएमसी ने जिला स्तर पर भी एसआईआर के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। टीएमसी नेताओं ने बताया कि ममता बनर्जी 3 और 4 दिसंबर को मालदा और मुर्शिदाबाद में रैलियों को संबोधित करेंगी। वहीं 9 दिसंबर को कूच बिहार में रैली करेंगी।

## भारत में आज एलपीजी के दामों में कटौती



भारत में 1 दिसंबर कई बदलावों के साथ आया है। इनमें एक बदलाव एलपीजी सिलेंडर के दामों में भी है। बताया गया है कि घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई कटौती नहीं की गई है। हालांकि, कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये की कटौती हुई है, जिससे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।इस कटौती के साथ ही दिल्ली में अब 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत 1590.50 रुपये से घटकर 1580.50 रुपये पहुंच गई है। दूसरी तरफ कोलकाता में अब कमर्शियल सिलेंडर 1694 रुपये से कम होकर 1684 रुपये में मिलेगा। मुंबई में वाणिज्यिक सिलेंडर की यही कीमत 1542 रुपये से घटकर 1531.50 रुपये पहुंच गई है। चेन्नई में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1750 रुपये से कम होकर 1739.50 रुपये हो गई।

## यूपी: प्रदेश के बिजली बकायदारों के लिए खुशखबरी



OTS implemented in UP: यूपी के उन उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है जिनका बिजली का बिल काफी बढ़ा हुआ है। प्रदेश में एक दिसंबर से ओटीएस लागू होने जा रहा है।प्रदेश में सोमवार से शुरू हो रही बिजली राहत योजना में एक से 31 दिसंबर तक पंजीयन कराने वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में पूरी और मूल बिल के बकाये में 25 फीसदी की छूट मिलेगी। इसके बाद जनवरी में 20 फीसदी और फरवरी में 15 फीसदी छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।प्रदेश में एमएलवी 1 (घरेलू) अधिकतम दो किलोवाट और एलएमवी 2 (वाणिज्यिक) एक किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को बिजली बिल बकाये में राहत दी जा रही है।

## मुस्लिम शादियों में नया ट्रेंड,




Muslim weddings in UP: मुस्लिम शादियों में इन दिनों नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। निकाह से पहले दूल्हे से सालियां और दुल्हन की सहेलियां लिखित एग्रीमेंट साइन करवाती हैं। मुस्लिम शादियों में इन दिनों एक नया और दिलचस्प चलन तेजी से पांव पसार रहा है। निकाह से पहले दूल्हे से सालियां और दुल्हन की सहेलियां लिखित एग्रीमेंट साइन करवाती हैं, जिसमें दुल्हन को विदेश घुमाने से लेकर चूल्हा–चौका और घरेलू कामों में हाथ बंटाने तक की शर्तें शामिल रहती हैं।मुस्लिम समाज की शादियों में भी बदलते दौर की झलक देखने को मिल रही है। कभी समय था, जब दुल्हन की बहनें और उसकी सहेलियां निकाह के बाद शादी हॉल के स्टेज पर या अलग कमरे में दूल्हे की सलाम कराई रस्म के समय ही सामने आती

## Cyclone Ditwah



बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दित्वाह कमजोर होकर गहरे दबाव में बदल गया है और उत्तर दिशा में बढ़ रहा है। तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश तटों के लिए रेड अलर्ट जारी है, और बारिश-तेज हवाओं से तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत हुई। वहीं इस चक्रवात के चलते श्रीलंका में फंसे भारतीयों का आखिरी जत्था आज भारत पहुंच गया। आइए जानते है चक्रवात दित्वाह का पूरा अपडेट बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दित्वाह अब कमजोर होकर गहरे दबाव में बदल गया है और उत्तर दिशा में 10 किमी/घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार रात दो बजे जारी अपडेट के अनुसार, गहरे दबाव का केंद्र तमिलनाडु और पुडुचेरी तट से करीब 50 किमी दूर था। इस बीच उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। वहीं आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने बताया कि तमिलनाडु में बारिश से जुड़ी तीन मौतें हुई हैं।इसी बीच श्रीलंका के कोलंबो के बंदरनाइक इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों का अंतिम बेड़ा आज भारत पहुंच गया। भारतीय वायु सेना के विमान से 104 भारतीय यात्री सुबह करीब 6.30 बजे त्रिवेंद्रम (तिरुवनंतपुरम) पहुंचे। यह वापसी ऑपरेशन सागर बंधु के तहत की गई, जिसका उद्देश्य विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित घर लाना है।

## भारत-यूके सैन्य अभ्यास

### 'अजेय वॉरियर' सम्पन्न, UN शांति-प्रवर्तन मिशनों में मजबूत हुई साझेदारी



इन संयुक्त अभ्यासों का समापन बैटल-ग्रुप स्तर के अंतिम ऑपरेशन के साथ हुआ, जिसमें दोनों सेनाओं ने वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास किया।भारत और ब्रिटेन की सेनाओं के बीच आयोजित द्विवार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर' का आठवां चरण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। लगभग दो सप्ताह तक चले इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना और आतंकवाद-रोधी

# Aaj Ka Rashifal 01 December

## महीने का पहला दिन इन चार राशि वालों के लिए रहेगा शुभ,



01 December Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 01 दिसंबर 2025 का राशिफल।आज नए महीने दिसंबर का पहला दिन है। आज के दिन मन के कारक ग्रह चंद्रमा रेवती नक्षत्र और मीन राशि में गोचर है, फिर इसके बाद मेष राशि चले जाएंगे। ऐसे में आज गुरु के साथ नवम पंचम योग का निर्माण कर रहे हैं।

### मेष

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। काम को लेकर मेहनत भी अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप हिम्मत नहीं हारेंगे। आप किसी नए काम को करने की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थी किसी परीक्षा की तैयारी में जुटेंगे, जिससे उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरी में आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

### वृषभ

आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने कामों को पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे और आपके अनुभवों का आपको पूरा लाभ मिलेगा। किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपकी कला और कौशल में भी सुधार आएगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज न करें। आपको यदि कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हो, तो आप उसको लेकर पूरा धैर्य दिखाएं। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको काम को लेकर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई लिखाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक जीवन में कुछ उथल-पुथल बनी रहेगी, जिससे आपको थोड़ी टेंशन भी रहेगी। आप थोड़ा धैर्य बनाकर ही कामों को करें। किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। अपने कामों को कल पर टालने से बचें। धन को लेकर आप किसी से समझौता बिल्कुल ना करें, क्योंकि आपके उस धन के वापस मिलने की संभावना बहुत कम है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

### कन्या

आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल को शुभ रहेगा और परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। राजनीति में आपको कामों से एक अच्छी पहचान मिलेगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप सरकारी योजनाओं में धन लगाएंगे, उसमें आपको अच्छे सफलता मिलेगी। वाहनों की अक्समात खराबी के कारण आपका खर्च बढ़ने की संभावना है। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### वृश्चिक

आज आपके कुछ विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपने प्रभाव से लोगों को कम दिखाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई तनाव था, तो वह भी दूर होगा। संतान के करियर को लेकर आपको टेंशन हो सकती है। आप अपनी आंखों का खास ख्याल रखें, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभरेगी। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

### धनु

आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और किसी नई नौकरी के लिए आपको बुलावा आ सकता है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को करने में काफी धन व्यय करेंगे, जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। परिवारिक रिश्तो में एकता बनी रहेगी। आप किसी अजनबी के साथ पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें और किसी घर, मकान आदि की खरीदारी के लिए आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

### मकर

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कामों से एक नई पहचान मिलेगी और आपकी कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी। आप अपने धन और समय दोनों का सदुपयोग करें, नहीं तो बाद में आपको धन की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलना होगा, क्योंकि कुछ आपके मित्र के रूप में आपके शत्रु हो सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को अच्छी सफलता हासिल होगी। आपको कुछ नए संपर्कों से भी लाभ मिलेगा। बिजनेस में रुकी हुई डील फाइनल होने से आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी।


### मीन

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी और आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है, क्योंकि आप अपने कामों को लेकर थोड़ी जल्दबाजी दिखा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपको थोड़ा धैर्य संयम बनाए रखना होगा। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती हैं, जिसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों से माफ़ी मांगेंगे।

आज नए महीने दिसंबर का पहला दिन है। आज के दिन मन के कारक ग्रह चंद्रमा रेवती नक्षत्र और मीन राशि में गोचर है, फिर इसके बाद मेष राशि चले जाएंगे। ऐसे में आज गुरु के साथ नवम पंचम योग का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में आज के दिन यानी दिसंबर महीने का पहला दिन कई राशि वालों के लिए शुभ रहेगा। करियर-कारोबार में अच्छे परिमाण की प्राप्ति के संकेत हैं। आइए जानते हैं आज का राशिफल। राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है

# Bihar Police: सारण में मुठभेड़,

## बिहार पुलिस ने कुख्यात शिकारी राय को मारी गोली; एक दिन पहले हत्या कर भागा था



Saran News: शिकारी राय पर हत्या, लूट और कई गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल होने के आरोप हैं। पुलिस लंबे समय से उसकी गतिविधियों पर नज़र रखे हुए थी और उसके खिलाफ कई वारंट भी जारी थे। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।बिहार में नई सरकार के गठन और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के गृह मंत्री बनने के बाद से बिहार पुलिस एक्शन में है। अब छपरा में सारण पुलिस द्वारा रविवार की सुबह में सारण पुलिस, एसटीएफ और कुख्यात अपराधी नंद किशोर राय उर्फ़ शिकारी राय के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें कई संगीन हत्या के आरोपी शिकारी राय के पैर में गोली लगी है। हालांकि, पुलिस ने उसे मौके से ही पकड़ कर एम्बुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया है। जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।बताया जाता है कि रविवार की शाम को एक शख्स की अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने दौड़ा कर नजदीक से सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद सारण पुलिस एक्शन में आकर हत्या की तहकीकात में जुट गई थी। उसके बाद CCTV फुटेज एक आधार पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बिशनपुर इलाके में सारण पुलिस और गठित SIT की टीम ने छापेमारी करने पहुंची थी। जहां से शिकारी राय को पकड़ लिया लेकिन हथियार रिकवर करवाने के दौरान उसने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की है। हालांकि इस गोलीबारी में एक ASI घायल हो गए हैं। उन्हें तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।इस संबंध में सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि रविवार को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई थी। CCTV के आधार पर नंदकिशोर राय उर्फ शिकारी राय का पता चला तो हमने उसे पकड़ा। इसके बाद हथियार रिकवरी कर रहे थे। इसी दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसमें एक गोली शिकारी राय के बाएं पैर में लगी है। मौके से 2 पिस्टल, 8 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है।

# Delhi Blast Case:

## कार धमाका मामले में NIA की ताबड़तोड़ छापामारी, कश्मीर और यूपी में कई ठिकानों पर तलाशी



Delhi Blast NIA Raids: दिल्ली में हुए आतंकी हमले के मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी लगातार जांच कर रही है। इस जांच को आगे बढ़ाने के लिए एनआईए की टीम ने जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड समेत आठ ठिकानों पर छापा मारा है।राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में आठ स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक 'व्हाइट-कॉलर' आतंक मॉड्यूल से जुड़े मामले में की गई, जिसके तार दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार विस्फोट से जुड़े हुए हैं।राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर ही नहीं उत्तर प्रदेश के कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और लखनऊ में भी तलाशी अभियान जारी है। यह छापेमारी दिल्ली में 10 नवंबर को हुए उस भयावह कार ब्लास्ट के संबंध में की गई है।एनआईए की टीमों ने शोपियां में मौलवी इरफान अहमद वगाय के आवास पर तलाशी ली। वगाय को इस 'व्हाइट-कॉलर' आतंकी मॉड्यूल के कट्टरता फैलाने और भर्ती करने वाले मास्टरमाइंड के रूप में उभरा है। उसे पिछले महीने एनआईए ने अपनी हिरासत में लिया था, जब उसने पिछले महीने की शुरुआत में हुए कार विस्फोट की जांच अपने हाथ में ली थी। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे।इसके अतिरिक्त, एजेंसी ने पुलवामा जिले के कोइल, चंदगाम, मलंगपुरा और संबूरा क्षेत्रों में भी छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि ये स्थान दिल्ली कार विस्फोट मामले से जुड़े लोगों से संबंधित थे। एनआईए ने नवंबर के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किए गए डॉ. अदील अहमद राथर के आवास की भी तलाशी ली।

# सामंथा रुथ प्रभु से शादी की चर्चाओं के बीच, दिमोरू की पत्नी ने किया क्रिप्टिक पोस्ट; बोलीं



Samantha Ruth Prabhu And Raj Nidimoru Marriage: अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरू अपनी शादी की खबरों को लेकर लगातार चर्चाओं में हैं। इस बीच अब राज की पूर्व पत्नी ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की है। जानिए इस पोस्ट में उन्होंने ऐसा क्या लिखा, जिसके बाद शादी की खबरों को और भी बल मिल रहा है...

साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और निर्माता-निर्देशक राज निदिमोरू अपने अफेयर को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार नहीं किया है। लेकिन अक्सर दोनों को साथ में देखा जाता है और एक-दूसरे के साथ तस्वीरें भी साझा करते रहते हैं। अब चर्चाएं ये भी उठ रही हैं कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं। कुछ रिपोर्ट्स में तो ये भी दावा किया जा रहा है कि दोनों आज यानी 1 दिसंबर को ही शादी कर सकते हैं। अब इन चर्चाओं के बीच राज निदिमोरू की पूर्व पत्नी की एक क्रिप्टिक पोस्ट सामने आई है। जिसने शादी की खबरों को और भी तूल दे दी है।'द फैमिली मैन 2' में देखा गया था। इसके बाद वो 'सिटाडेल हनी बनी' में भी नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा आने वाले दिनों में भी सामंथा राज और डीके की वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' में नजर आएंगी।

# धरम जी एक दयालु आत्मा. त्रुघ्न सिन्हा को फिर से सता धर्मेंद्र की याद



दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद हर कोई उन्हें काफी मिस कर रहा है। उनके प्रिय मित्र और सह-कलाकार शत्रुघ्न सिन्हा ने भी एक बार फिर से अपने दोस्त की याद में एक इमोशनल नोट लिखा है। बॉलीवुड एक्टर और राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने आज अपने सबसे प्यारे दोस्त धर्मेंद्र को फिर से याद किया। उन्होंने धरम जी की याद में एक इमोशनल नोट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है।शत्रुघ्न सिन्हा ने धर्मेंद्र के परिवार से मुलाकात की और ट्विटर पर एक भावुक पोस्ट लिखकर उन्हें याद किया। शत्रुघ्न ने एक्स पर लिखा, 'आज हमारे सबसे प्यारे पारिवारिक मित्र धर्मेंद्र जी के घर गए। इस दुख की घड़ी में बड़े भाई को खोने का गम देखकर दिल टूट गया। उनकी दोनों प्यारी बेटियों एशा और अहाना से मिले। उन्हें ढेर सारी सांत्वना दी।' आगे शत्रुघ्न सिन्हा ने लिखा, 'धरम जी बहुत नेक और नरम दिल इंसान थे। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। इस मुश्किल वक्त में उनके लिए प्रार्थना करते हैं। भगवान सबको यह दुख सहने की शक्ति दे। ऊं शांति शांति शांति।'

# जन्मदिन से पहले बोमन ईरानी ने किया एलान, बतौर निर्देशक दूसरी फिल्म पर शुरू किया काम



बोमन ईरानी अब अभिनेता के साथ-साथ निर्देशक भी बन गए हैं। 'द मेहता बॉयज' के बाद अब वो अपने निर्देशन में बनने वाली दूसरी फिल्म की तैयारियों में जुट चुके हैं। जानिए एक्टर ने दी क्या अपडेटअभिनेता बोमन ईरानी जल्द ही 66 साल के होने वाले हैं। वो 2 दिसंबर को अपना 66वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। अब अपने इस जन्मदिन से पहले बोमन ईरानी ने अपनी दूसरी निर्देशित फिल्म को लेकर भी बड़ी जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस बार वो एक नए जॉनर की फिल्म का निर्देशन करने को तैयार हैं।हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत के दौरान अभिनेता ने यह स्पष्ट किया कि बतौर निर्देशक वो अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि फैमिली ड्रामा निर्देशित करने के बाद मैंने सोच-समझकर एक अलग जॉनर चुनने का फैसला किया है। सिर्फ इसलिए कि लोगों को पहली फिल्म पसंद आई, मुझे नहीं लगता कि मैं उसी जॉनर में बंधा रह सकता हूं। मैं सिनेमा की अलग दुनिया का आनंद लेना चाहता हूं।बतौर निर्देशक अपने नए सफर को लेकर बोमन ईरानी का कहना है कि जिंदगी कभी भी फूलों की सेज नहीं होती। आप कठिनाइयों से बच नहीं सकते। फिल्म बनाना आसान नहीं है। जब आप लिखना शुरू करते हैं, तब से लेकर पैसा लगाने के लिए किसी को ढूंढने तक, कास्टिंग एक अलग ही खेल है, फिर बजटिंग। आप इसमें अपना दिल और आत्मा लगा देते हैं, लेकिन आपको यह भी स्वीकार करना होगा कि हर कोई आपके काम को पसंद नहीं करेगा। मैं तीन का नाम लूंगा और बाकी तीन को बुरा लगेगा। हालांकि, अमिताभ बच्चन को डायरेक्ट करना वाकई आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अलग अनुभव होगा। बस उन्हें यह बताने की हिम्मत हो कि यह दृश्य है और ऐसा ही होता है। बोमन ने बताया कि निर्देशन के अलावा एक शिक्षक के रूप में भी वो अपनी भूमिका का भी आनंद ले रहे हैं। यह एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें एक पिता और पुत्र की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में बोमन ईरानी अभिनेता भी हैं। उनके साथ अविनाश तिवारी भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं।

# अमिताभ बच्चन के जलसा के बाहर फिर लगा फैंस का जमावड़ा



मेगास्टार अमिताभ बच्चन हर बार की तरह इस बार भी वादे के अनुसार अपने मुंबई स्थित घर जलसा के बाहर फैंस से मिले। उन्होंने जोश के साथ फैंस से मुलाकात की और इस भावुक पल को सोशल मीडिया पर शेयर किया।अमिताभ बच्चन के फैंस को उनकी एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह है कि बिग बी ज्यादातर रविवार को अपने मुंबई स्थित बंगले जलसा के बाहर अपने फैंस से मिलने आते हैं। बीते रविवार को भी बिग बी ने फैंस से मुलाकात की और साथ ही इस पल को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक इमोशनल नोट भी लिखा।अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में बिग बी ने फैंस के साथ अपनी मुलाकात के पल की एक खास तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने फैंस के लिए लिखा, 'T 5582- मुस्कुराहटें जो मुझे जीने देती हैं और अस्तित्व में लाती हैं।' इसके साथ ही बिग बी ने यह भी लिखा कि फैंस की यह खुशी ही उन्हें आगे काम करने की ताकत देती है।बहरहाल, इन दिनों बिग बी लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (KBC) सीजन 17 की होस्टिंग कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

# बेटी होने की खुशी में राजकुमार राव ने बांटी मिठाई पैपराजी संग क्लिक करवाई फोटो



राजकुमार राव हाल ही में एक बेटी के पिता बने हैं। इस खुशी को उन्होंने पैपराजी के साथ भी बांटा। एक्टर ने एक इवेंट में पैपराजी को मिठाइयां बांटी हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, फैंस भी राजकुमार राव को सराहा रहे हैं। 15 नवंबर को राजकुमार राव और पत्रलेखा ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को जानकारी दी कि वह एक बेटी के माता-पिता बन गए हैं। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में राजकुमार राव ने लिखा था, 'आज हम बहुत खुश हैं। भगवान ने हमारे यहां एक बेटी को जन्म दिया है।राजकुमार राव की बेटी का जन्म उनकी शादी की चौथी सालगिरह पर हुआ।पूरे बॉलीवुड से उन्हें बधाई मिलीं

हाल ही में राजकुमार राव ने एक इवेंट में पैपराजी के साथ अपनी बेटी के जन्म की खुशी को साझा किया। उनको मिठाई गिफ्ट में दीं।राजकुमार राव ने एक इवेंट में मौजूद सभी पैपराजी को मिठाई गिफ्ट की। साथ ही कहा कि कब पड़ जाएगा तो वह और मंगा देंगे। इसके बाद उन्होंने कई पैपराजी और फैंस के साथ फोटो भी क्लिक करवाए। राजकुमार राव के इस अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया। राजकुमार राव ने पैपराजी के साथ जिस तरह का व्यवहार किया, उससे फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स काफी खुश नजर आए। यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में राजकुमार राव को बधाई दी। साथ ही हार्ट इमोजी भी उनके लिए शेयर किए।सेलिब्रिटी कपल की इस खुशखबरी के बाद प्रशंसकों और फिल्म इंडस्ट्री से बधाइयों का तांता लग गया है। सोशल मीडिया पर भी फैन्स उनकी खुशियाँ साझा करते नजर आ रहे हैं और उन्होंने सबका आशीर्वाद भी लिया।

## The Bonus Market Update: हरे निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी 26200 के पार पहुंचा



भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 9:40 तक 375.65 अंक या 0.44 प्रतिशत चढ़कर 86,082.32 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 106.70 अंक या 0.41 प्रतिशत चढ़कर 26,309.65 अंक पर आ गया।

## ED: केरल में सीएम के साथ उनके मंत्रियों पर ईडी का एक्शन KIIFB मसाला बॉन्ड मामले में ₹466 करोड़ का नोटिस जारी



ईडी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, राज्य के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव केएम अब्राहम को 466 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई केआईआईएफबी (केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड) के मसाला बॉन्ड इश्यू से जुड़े मामले में की गई है।

**फेमा के प्रावधानों के तहत जारी किया गया नोटिस**

अधिकारियों के मुताबिक, यह नोटिस 10 से 12 दिन पहले विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के प्रावधानों के तहत जारी किया गया था। नोटिस में व्यक्तिगत उपस्थिति की जरूरत नहीं है, लेकिन संबंधित पक्षों से उत्तर और दस्तावेज मांगे गए हैं।

फेमा से जुड़े मामलों में कारण बताओं नोटिस जांच पूरी होने के बाद ही जारी किया जाता है। यानी एजेंसी पहले पूरे लेन-देन, दस्तावेजों और कथित नियम उल्लंघन की जांच करती है और उसके निष्कर्षों के आधार पर नोटिस भेजती है।

**एजेंसी ने अपनी जांच में क्या पाया?**

एजेंसी की जांच 2019 में केआईआईएफबी द्वारा जारी किए गए मसाला बॉन्ड में जुटाई गई करीब 2,000 करोड़ रुपये की राशि के एंड-यूज और फेमा मानकों के अनुपालन पर केंद्रित रही।

केआईआईएफबी राज्य सरकार की प्रमुख फंडिंग एजेंसी है, जो बड़े और महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को वित्त सहायता प्रदान करती है। फंडिंग एजेंसी ने 2019 में राज्य में 50,000 करोड़ रुपये के व्यापक बुनियादी ढांचा विकास कार्यक्रम के लिए पूंजी जुटाने की बड़ी योजना के तहत अपने पहले मसाला बॉन्ड के जरिए 2,150 करोड़ रुपये जुटाए थे।



## UPI: यूपीआई से नवंबर में 24.58 लाख करोड़ रुपये के 19 अरब से अधिक हुए लेनदेन, 23 प्रतिशत बढ़ोतरी



यूपीआई से लेनदेन की रफ्तार जारी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 28 नवंबर तक यूपीआई से 24.58 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 19 अरब से अधिक लेनदेन हुए। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15.48 अरब लेनदेन दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल नवंबर में यूपीआई लेनदेन की संख्या 2024 के समान माह की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत बढ़ी। इस दौरान लेनदेन मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2023 की तुलना में यह वृद्धि 70 प्रतिशत और 41 प्रतिशत से भी अधिक रही। एनपीसीआई के आंकड़े पिछले पांच वर्षों में लगातार वृद्धि दर्शाते हैं। नवंबर 2021 में, यूपीआई से 7.68 लाख करोड़ के केवल 4.18 अरब लेनदेन हुए। नवंबर, 2022 तक यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई। पांच वर्षों का रुझान इस परिवर्तन की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है। 2021 से 2025 तक यूपीआई के लेनदेन की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ गई है। कुल मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ के रूप में इस प्लेटफॉर्म की भूमिका को रेखांकित करती है। 2025-26 में अब तक यूपीआई ने 12.41 अरब लेनदेन पूरे किए हैं। इनका औसत दैनिक मूल्य 91,324.77 करोड़ रुपये है। 2024-25 में इसी अवधि के दौरान औसत दैनिक मूल्य 71,839.58 करोड़ रुपये रहा।

## Gold Silver Price


### सोना 640 रुपये गिरकर 1,29,460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी की कीमतों में क्या बदलाव जानें



वैश्विक बाजार में कमजोर रुख और स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की कमजोर खरीदारी के कारण दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतों में गिरावट दिखी। हालांकि चांदी के भाव 5100 रुपये तक चढ़ गए। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार गुरुवार को सोने की कीमत 640 रुपये की गिरावट के साथ 1,29,460 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 640 रुपये घटकर 1,28,860 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, "गुरुवार को सीमित दायरे में कारोबार के दौरान सोने में गिरावट दर्ज की गई। संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते की दिशा में प्रगति से भू-राजनीतिक तनाव कम होने से भू-राजनीतिक जोखिम कम हुआ, इससे सोने में मुनाफावसूली को बढ़ावा मिला।" हालांकि, एसोसिएशन के अनुसार चांदी की कीमत 5,100 रुपये बढ़कर 1,68,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो लगातार तीसरे सत्र में इसकी बढ़त को दर्शाता है। पिछले तीन सत्रों में यह सफेद धातु 13,200 रुपये तक बढ़ चुकी है, जबकि सोमवार को यह 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। वहीं, वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 5.60 डॉलर या 0.13 प्रतिशत गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। गांधी के अनुसार बाजार के सहभागी भाव पर अब आगे के दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए नए संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिका में त्योहारी मौसम के कारण भी कीमतों में सुस्ती है। गुरुवार को थैंक्सगिविंग की छुट्टी के कारण अमेरिकी बाजार बंद रहने के कारण कारोबार की मात्रा धीमी रहने की उम्मीद है। विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी मामूली बढ़त के साथ 53.39 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। चांदी में नई मजबूती दिख रही है और तेजी का रुख लौट रहा है, इसे चीन से आपूर्ति संबंधी नई चिंताओं का समर्थन मिल रहा है।

## New Rules December: एलपीजी गैस कीमतों से लेकर आधार अपडेट के नियमों तक, 1 दिसंबर से लागू हुए ये बड़े बदलाव

**Rules Changed From 1st December:** हर महीने की पहली तारीख नीतियों, दरों और कई प्रक्रियाओं में बदलाव लेकर आती है। आज 1 दिसंबर से कई अहम बदलाव लागू हुए हैं, जिनके बारे में पता होना जरूरी है नहीं तो आपको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। आज से कुछ बदलाव लागू हुए हैं, जो सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं, कर्मचारियों आदि लोगों को प्रभावित करने का काम करेंगे। **एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत** हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां




एलपीजी गेस की कीमतों में बदलाव करती हैं। 1 दिसंबर से नए बदलाव लागू हो चुके हैं। 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये की कटौती की गई है। नई कीमतें आज से लागू हो चुकी हैं। वहीं घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। **आधार से जुड़े नियम** 1 दिसंबर से आधार से जुड़ा एक नया नियम भी लागू हो चुका है। इसके तहत आप आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर जैसी जानकारी को ऑनलाइन भी भरा जा सकेगा। इसमें डाटा का सत्यापन पैन कार्ड, पासपोर्ट या किसी दूसरे जरूरी सरकारी रिकॉर्ड से किया जा सकेगा। हाल ही में आधार का नया भी लॉन्च किया गया था।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612


















## Deaflympics 2025: PM मोदी ने डेफलिंपिक्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा, भारत ने टोक्यो में जीते 20 पदक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो डेफलिंपिक्स में रिकॉर्ड तोड़ 20 पदक जीतने वाले भारतीय दल को बधाई दी है। भारतीय खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक जीतकर देश का परचम लहराया।

पीएम ने अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'टोक्यो में 25वें समर डेफलिंपिक्स 2025 में शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे डेफलिंपियंस को बहुत-बहुत बधाई। 9 स्वर्ण सहित 20 पदक की अब तक की सबसे अच्छी मेडल टैली के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पक्का इरादा और लगन से शानदार नतीजे मिल सकते हैं। हर एथलीट, कोच और सपोर्ट स्टाफ को बधाई। पूरे देश को आप सभी पर गर्व है।'

## दिल्ली कैपिटल्स से लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तक WPL ऑक्शन के बाद कौन सी टीम हुई मजबूत? नोट कर लें फुल स्क्वॉड



महिला प्रीमियर लीग के अगले सीजन के लिए हुई मेगा नीलामी में 67 खिलाड़ियों पर सफल बोली लगी. इसके लिए सभी पांच फ्रेंचाइजी टीम्स ने मिलकर कुल 40.8 करोड़ रुपये खर्च किए. ऑक्शन के बाद सभी टीम्स काफी संतुलित नजर आ रही हैं.महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2026 के लिए गुरुवार (27 नवंबर) को मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया. नई दिल्ली के जेडब्ल्यू मैरियट होटल में हुई इस नीलामी में टीम इंडिया की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं. दीप्ति को यूपी वॉरियर्स ने 3.20 करोड़ रुपये में अपनी टीम में दोबारा शामिल किया.दीप्ति के लिए यूपी की टीम ने राइट टू मैच (RTM) कार्ड का प्रयोग किया. खरीदा. विदेशी खिलाड़ियों में एमेलिया केर को सबसे ज्यादा रकम मिली. एमेलिया 3 करोड़ रुपये में आरटीएम के जरिए मुंबई इंडियंस में फिर से शामिल हुई हैं.

## Kohli-Dhoni Reunion रांची में धोनी के घर पहुंचे कोहली और पंत



रांची में गुरुवार देर रात भारतीय क्रिकेट फैन्स के लिए एक दिल छू लेने वाला पल देखने को मिला। एक वायरल वीडियो में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने पुराने साथी और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपनी कार में ड्राइव करते हुए नजर आए। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर आया, यह मिनटों में वायरल हो गया और फैन्स ने इसे 'री-यूनियन ऑफ द ईयर' कहना शुरू कर दिया। अक्सर जब टीम इंडिया रांची में मैच खेलने आती है, तब क्रिकेटर धोनी के घर पहुंचते हैं, और यह परंपरा इस बार भी जिंदा रहा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने रांची पहुंची है, और यह मुलाकात उसी दौरान हुई। विराट के अलावा कई और खिलाड़ी भी धोनी से मिलने उनके घर पहुंचे।

## टीम इंडिया दबाव में!: गुवाहाटी में बल्लेबाजी फेल होने पर हुई गंभीर की आलोचना, फैंस ने ग्रेग चैपल से तुलना



टीम इंडिया के लगातार बदलते बैटिंग ऑर्डर, अनियंत्रित रोटेशन और पिच आधारित रणनीति ने फैंस को नाराज कर दिया है। आलोचकों का आरोप है कि गंभीर खिलाड़ियों को उनके सही बल्लेबाजी स्थान पर टिकने ही नहीं देते।भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम की शर्मनाक बल्लेबाजी ने गंभीर की रणनीतियों और टीम कॉम्बिनेशन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। कई फैंस और एक्सपर्ट गंभीर की तुलना पूर्व कोच ग्रेग चैपेल से कर रहे हैं, जिनके कार्यकाल को भारतीय क्रिकेट का सबसे कठिन दौर माना जाता है।बारसापारा स्टेडियम में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 489 रन के बड़े अंतर से पिछड़ते हुए जवाब देना था, लेकिन पूरी टीम मात्र 201 पर ढेर हो गई। टीम की शुरुआत संतुलित थी और स्कोरबोर्ड 95/1 दिखा रहा था, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाज ध्वस्त होते चले गए। सिर्फ यशस्वी जायसवाल (58) और वॉशिंगटन सुंदर (48) क्रीज पर टिक पाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों साइमन हार्मर (3/64) और मार्को यानसेन (6/48) ने भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया। केएल राहुल (22), ऋषभ पंत (7), और रवींद्र जडेजा (6) जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने निराश किया।पहले टेस्ट में हार और दूसरे टेस्ट में खराब स्थिति के कारण भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2027 क्वालिफिकेशन की उम्मीदें भी कमजोर होती दिख रही हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम से मुलाकात की, देखें वीडियो



भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत की बेटियों ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम से मुलाकात की। इसका वीडियो सामने आया है। खिलाड़ियों और स्टाफ ने पीएम मोदी और ट्रॉफी के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से बात की और उनका अनुभव जाना। पीएम मोदी ने टीम से दिल्ली स्थित अपने आवास पर मुलाकात की।भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी।भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।